छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formely Kanpur University, Kanpur)

Kalyanpur, Kanpur-208024

कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 2591 /2022 दिनांक : 19/04/2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्व महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय : बी0ए0, बी0एस–सी, बी0कॉम (द्वितीय तथा तृतीय वर्ष) की परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया आदेशानुसार अवगत कराना है कि ऐसे छात्र/छात्रायें जो बी0ए0, बी0एस–सी, बी0कॉम सत्र 2019–20 में स्नातक द्वितीय वर्ष की सम्पन्न हुई कुछ विषयो की लिखित परीक्षा दिये थे एवं शेष विषयों में प्रमोट कर दिये गये थे, सम्पन्न हुई लिखित परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के कारण उनके सत्र 2020–21 में स्नातक तृतीय वर्ष का परीक्षाफल आर0डी0/डिटेन्ड है। कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत उन्हे द्वितीय वर्ष सत्र 2019–20 की बैक पेपर की परीक्षा में अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता हैं। ऐसे छात्र जो स्नातक प्रथम वर्ष 2019–20 में सम्मिलित हुये थे तथा प्रमोट किये गये थे किन्तु 2020–21 में परीक्षा आवेदन नहीं किया तथा सत्र 2021–22 में द्वितीय वर्ष में सम्मिलित होना चाहते है। ऐसे छात्र/छात्राओं की भी बैक पेपर परीक्षा हेतु आवेदन का अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता हैं।

बी0ए0, बी0एस–सी, बी0कॉम सत्र 2019–20 के छात्र/छात्राओं का दिनांक 22.04.2022 से दिनांक 25.04.2022 तक ऑनलाइन सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

अतः अपने स्तर से समस्त छात्र/छात्राओं को उक्त से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त सम्बन्धित निदेशक/प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबंधक को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, पी.एम.यू. सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड कराने एवं अन्य अग्रेतर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. समस्त अधिकारीगण।

(अजीत प्रताप सिंह)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)